खबर एक नजर में

## रामनारायण सिंह बने रातू थानेदार, वर्मा को धुर्वा की कमान

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आधा दर्जन से ज्यादा पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। रामनारायण सिंह को रातू थाना प्रभारी बनाया गया है। रामकुमार वर्मा को धुर्वा थाना प्रभारी बनाया गया है, जयप्रकाश राणा को डेली मार्केट थाना प्रभारी बनाया गया है। शशि भूषण चौधरी को मांडर का सर्किल इंस्पेक्टर बनाया गया है। मनोज कुमार-3 को बरियातू थाना प्रभारी बनाया गया है। कमलेश पासवान को चुटिया का यातायात थाना प्रभारी बनाया गया है। विनोद कुमार को पुलिस केंद्र भेजा गया है।

## हिलटॉप पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रांची।** बरियातू स्थित हिलटॉप पब्लिक स्कूल में बच्चों ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर श्री कृष्ण की बाल लीला पर आधारित कई मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर लिटिल विंग के बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा में स्कूल आए जैसे कृष्णा, राधा, देवकी, यशोदा, बलराम, कृष्ण के बाल सखा सुदामा, मामा कंश और राक्षसी पूतना में भी अपने रूप की छटा दिखाई। इस अवसर पर स्कूल की निर्देशन राजेश कुमार गुप्ता एवं प्राचार्य संगीता राज ने बच्चों को एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी।

## पारस हॉस्पिटल ने गिरिडीह के मरीज का हाथ कटने से बचाया

**रांची।** पारस हॉस्पिटल धुर्वा में गिरिडीह के रहने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति का हाथ कटने से बचाया है। उस व्यक्ति को सोल्डर के पास गोली लगी थी। जब वह व्यक्ति हॉस्पिटल पहुंचा, तब तक बहुत देरी हो चुकी थी। इसके बावजूद प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी और उनकी टीम के अथक प्रयास से मरीज के हाथ कटने से बचा लिया। उस मरीज का ऑपरेशन कर उसे एक नयी जिंदगी दी है, मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया है। डॉ गोस्वामी ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आया था, तो उसका हाथ पुरी तरह से छतिग्रस्त था। गोली लगने के कारण हाथ और मांसपेसियां भी बुरी तरह फटी हुई थी। रक्त का संचार नहीं था। दूसरे कई हॉस्पिटल में हाथ काटने की बात कही इसके बाद मरीज ने पारस हॉस्पिटल से संपर्क किया, जहां उनका सफल सर्जरी कर दी गयी है। ऑपरेशन लगभग छह घंटे चला। ऑपरेशन में सभी नसों को जोड़ा गया। खुन की नसों को भी जोड़ा गया। ऑपरेशन के सात दिनों के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। छह माह के बाद मरीज पुरी तरह से ठीक हो जायेगा। उसका हाथ पुरी तरह से काम करने लगेगा। निदेशक डॉ नितेश कुमार ने कहा कि हॉस्पिटल में अब विश्वस्तरीय का इलाज उपलब्ध है।

## रांची में लकी लक्ष्मी महोत्सव होगा शुरू

**रांची।** ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने अपने पुनर्निर्मित प्रारूप में लकी लक्ष्मी महोत्सव का शुभारंभ करने की घोषणा की है। ये जानकारी ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन सैय्यम मेहरा ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आभूषण विक्रेताओं को उपभोक्ताओं के साथ सीधे संवाद करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है, जिसमें आधुनिक और पारंपरिक तत्वों का समन्वय करते हुए नए डिजाइन और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन किया जाएगा। लकी लक्ष्मी महोत्सव के संयोजक कमल सिंघानिया ने कहा इस साल का महोत्सव ग्राहकों और ज्वेलर्स दोनों के लिए नए उत्साह और अवसर लेकर आया है। संयुक्त संयोजक मनोज झा ने कहा लकी लक्ष्मी महोत्सव हमेशा से आभूषण उद्योग में उत्सव और सफलता का प्रतीक रहा है, यह इस समय की आवश्यकता है क्योंकि इसका उद्देश्य छोटे, मध्यम और बड़े ज्वेलर्स को एक मंच पर एकत्र करना है, जिससे वे सामूहिक रूप से लाभान्वित हो सकें।

### जमीन लूट के खिलाफ एक दिवसीय धरना का आयोजन

# जमीन की लड़ाई जिंदगी से जुड़ी है हमें जीतना होगा : बंधु तिर्की




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों एवं मूलवासियों के लिये उनकी जमीन ही उनकी जिन्दगी का आधार है। जबतक उनके पास जमीन है तभी तक उनका अस्तित्व है अन्यथा वे विस्थापन और पलायन का शिकार होकर कब बेदखल हो जायेंगे इसका पता भी नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अबतक झारखण्ड में औद्योगिक विकास और नगर विकास का सबसे अधिक खामियाजा आदिवासियों एवं मूलवासियों ने ही भुगता है क्योंकि उन्होंने ही उसकी कीमत चुकायी है। बुधवार को राजधानी के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण मौजा के ग्रामीणों एवं अन्य लोगों के द्वारा द्वारा जमीन लूट के खिलाफ आयोजित एक दिवसीय विशाल धरना को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीन को बचाने के लिये सरकार और प्रशासन को कड़ा कदम उठाना ही होगा अन्यथा ग्रामीण खुद एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि जमीन बचाने के लिये सभी गांव के अगुवा को एकजुट होना होगा। समाजसेवी अलबिन लकड़ा ने कहा कि आदिवासी एवं मुलवासी की जमीन को बचाने के लिये सरकार को भू माफिया, अंचल अधिकारी एवं जिला प्रशासन पर लगाम लगाने का काम अविलम्ब करना होगा अन्यथा ग्रामीणों को बाध्य होकर कानून को अपने हाथ में लेना होगा। इस एक दिवसीय विशाल धरना कार्यक्रम में संजय तिर्की मुखिया प्रतिनिधि, सुनील तिर्की पूर्व मुखिया, संजय तिर्की पूर्व मुखिया, शिवा कच्छप अध्यक्ष केंद्रीय सरना संघर्ष समिति, समाजसेवी अलबिन लकड़ा, सुका उरांव, सुनील टोप्पो पूर्व पार्षद, राजेश लिंडा, मुन्तजीर खान, लालु खलखो ग्राम प्रधान, सिद्धांत तिर्की, मदरा पहान, पीटर कच्छप, बुधवा उरांव, दिनेश उरांव, महरू उरांव, राजेश लकड़ा, जूवेल कुजुर, महादेव टोप्पो, मेवा लकड़ा, शिल्पा कच्छप, सुनील गाड़ी, शिव उरांव, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कांग्रेस भवन में मनायी गयी स्व पीएन सिंह की पुण्यतिथि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय पी.एन. सिंह की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय कांग्रेस भवन में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने उनका व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया।

इस अवसर पर उदगार व्यक्त करते हुए पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय पी.एन. सिंह ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई, उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार भी रहे, 1987 में इन्हें बिहार राज्य लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। 2000 में प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष संगठन द्वारा इन्हें मनोनीत किया गया। संगठन के प्रति इनकी निष्ठा और इच्छा शक्ति को देखते हुए इन्हें 1980 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का लगातार सदस्य मनोनीत किया गया। इनका सादा एवं सरल जीवन तथा स्पष्ट विचार लोगों को बरबस आकर्षित एवं प्रभावित करता था। ये दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। इन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य किया हर छोटे बड़े कांग्रेसी कार्यकर्ता के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहकर उनका हौसला बढ़ाया करते थे।

श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद,डॉ जयप्रकाश गुप्ता,सोनाल शांति,अमरेंद्र सिंह,कमल राजेश सिन्हा सन्नी गौतम उपाध्याय, सुरेश बैठा, अजय सिंह, सलीम खान,शैलेंद्र सिंह,सुनील सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मौलेश सिंह, पूर्णिमा सिंह, राखी प्रियदर्शनी, विनंजय भारती, शरण मुंडू, शहंशाह आजम, चंद्र रश्मि पिंगुआ,उषा पासवान,विनोद सिंह,रमन सिंह बंटी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नाद ब्रश कला संस्थान में संगीत संध्या का आयोजन



रांची। होंबई स्थित नाद ब्रश कला संस्थान में जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बाल कलाकारों एवं संगीत गुरुओं द्वारा आमंत्रित अतिथियों और अभिभावकों के समक्ष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संगीत गुरु जेपी सिंह ने राग भैरवी में ख्याल और भजन तथा अवनींद्र सिंह ने राग कलावती में ख्याल एवं भजन प्रस्तुत किया। कलाकार द्वय के साथ तबला संगति राम नरेश सिंह ने किया। बाल कलाकारों में आरुष ने राग आसावरी में ख्याल और भजन, आध्या ने राग बागेश्वरी में ख्याल और लोक भजन नाचे नंदलाल नचावे उनकी मैया प्रस्तुत किया। अन्नी, अक्षय, भावना और अश्विका, अमित कुमार ने कृष्ण भजन गाकर सबको मोहित कर दिया। नृत्य गुरु संजय कुमार दुबे के निर्देशन में शिवानी, रूही, सोनी, अश्रेषा, अश्वीका और भूमि ने गुरुवंदना एवं मनमोहक भरतनाट्यम तथा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। पौलमी दिकपति ने भरत नाट्यम शैली में उत्कृष्ट शिव स्तुति प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में अवनींद्र सिंह निदेशक बी.इ. फाउंडेशन एवं जेपी सिंह के द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य अमोल कुमार ने सभी आगंतुकों एवं कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्कृष्ट कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए आभार व्यक्त किया।

## रांची विवि के सभी कॉलेजों में हो रहे यूजी नामांकन प्रक्रिया की जांच हो : अमन अहमद



रांची। रांची जिला एनएसयूआइ प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डा. सुदेश साहू से मिला और ज्ञापन सौंपते हुए महाविद्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार से अवगत कराया एवं संज्ञान लेने को कहा। पूर्व जिला अध्यक्ष ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी डिग्री एवं अंगीभूत महाविद्यालय में यूजी का नामांकन प्रक्रिया रोस्टर के अनुसार हो रहा है या नहीं इसकी जांच हो। रांची विश्विद्यालय अंतर्गत लभभग सभी महाविद्यालय, विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। तीसरी मेरिट लिस्ट सभी महाविद्यालयों में आ गई है और नामांकन हो गया है और अब थर्ड मेरिट लिस्ट की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने डीएसडब्ल्यू से मांग की कि हर कॉलेज में एक जांच कमेटी बनाई जाए जिसमें जांचकर्ता/जांच कमेटी का अध्यक्ष दूसरे महाविद्यालय के एचओडी या पीजी विभाग के एचओडी हों या फिर रांची विश्वविद्यालय के उच्च पदाधिकारी हों। जांच में दोषी पाए जाने वाले कॉलेज कर्मचारी या शिक्षक जो भी हो उन्हें अविलंब हटाया जाए और महाविद्यालयों को भ्रष्टाचार मुक्त किया जाए। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष छात्र संघ हुसैन अंसारी, जिला सचिव अंकिता शेखर, सरफराज अहमद, गुलशन कुमार, सहबान अंसारी आदि लोग उपस्थित थे ।

## जेसीएम छात्रहित के कई मुद्दों को लेकर डीएसपीएमयू के वीसी से मिला



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को छात्रहित के कई मुद्दों को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जेसीएम ने मैनेजमेंट विभाग में नियुक्ति जो कई महीनों से लटकी हुई है, उसे जल्द पूरा करने करने की बात कही। बता दें कि मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की कमी है। इस कारण उनका पठन पाठन बाधित रहता है। मैनेजमेंट में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की कमी है, जिसे नये सेशन की शुरुआत से पहले कर लेने की जरूरत है। मौके पर छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संगठन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनीष राणा उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर



**रांची।** झारखण्ड छात्र दल ने बुधवार को झारखण्ड आई बैंक के माध्यम से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची में निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें विश्वविद्यालय के 300 से ज्यादा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ विश्वविद्यालय कुलपति ने निः शुल्क नेत्र जांच करायी। कुलपति प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने झारखंड छात्र दल को इस नेत्र जांच शिविर लगाने के लिए सराहना की एवं धन्यवाद दिया। इस शिविर को लगाने में मुख्य रूप से प्रभारी ऋषभ कुमार, अध्यक्ष बब्लू कु. महतो, कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत महतो, महासचिव कमलेश महतो, सचिव अभय सेठ, रौशन नायक, मुख्य वक्ता वसीम अंसारी, सुनील सुरीन, मुख्य कार्यकारिणी सदस्य शिवम, मिडिया प्रभारी योगेश आदित्य आदि ने मुख्य भूमिका निभायी।

# डीएवी बरियातु में जोनल स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में बुधवार को जोनल स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड राज्य के सभी दस जोन के 758 खिलाड़ी क्रिकेट और एरोबिक्स में भाग ले रहें है। जोनल स्तर के विजेता राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। इस खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी संजय कुमार मिश्रा ने किया।

उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभागिता की भावना को सराहते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा करना और उसके अनुशासन को धारण करना खेल का मुख्य उद्देश्य है। प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि खेल हमें विनम्रता, परिपक्वता परिस्थितियों से जूझने की ओर प्रेरित करता है। इसके अनुशासन को कभी नहीं तोड़ना चाहिए। जीवन की तरह खेल भी नियमों के दायरे में खेलना चाहिए। झारखंड जोन बीके सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सुखद है इस वर्ष प्रतिभागियों की संख्या बढ़ी है।

## राजद की हटिया विधानसभा क्षेत्र कार्यकर्ताओं की बैठक में संगठन की मजबूती पर की गयी चर्चा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजद कार्यालय में हटिया विधानसभा क्षेत्र के कडरू, पुंदाग डोरंडा, सिंहमोड़ एवं हटिया के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक प्रदेश राजद कार्यालय में हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के लोगों के साथ राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बैठक की। कडरू, पुंदाग, डोरंडा, सिंहमोड़ एवं हटिया ओबरिया ग्रामीण इलाकों के लोग उपस्थित हुए। इस दौरान कैलाश यादव ने सभी लोगो को बताया कि संगठन की मजबूती के लिए सभी लोगो को मेहनत करने की जरूरत है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने झारखण्ड में पार्टी को मजबूत और ताकतवर बनाने के लिए प्रदेश राजद के समस्त नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया है। यादव ने लोगों से कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता लालू यादव और तेजस्वी यादव ने राज्य में पार्टी को 1990 के दृश्य में लाना चाहते हैं इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव संजय प्र यादव सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं को एकजुटता और लक्ष्य के साथ सूबे झारखंड के सभी जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काम करने का निर्देश दिया है। उसी आधार पर आए दिन राजद के पदाधिकारी सभी जगहों पर कार्यक्रम कर रहे है। हटिया विधानसभा क्षेत्र से आए विभिन्न जगहों से आये लोगों का स्वागत किया गया। सभी को कहा गया कि पार्टी के विचारधारा को ग्रामीण क्षेत्रों में जन जन तक पहुंचाने का काम करना है। बैठक में राजद महासचिव कैलाश यादव के अलावा सचिव रामकुमार यादव श्रमिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधीर गोप,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के शब्बर फातमी विवेक यादव दीपू यादव सुनील यादव धर्मराज शर्मा शुभम कुमार जनार्दन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ईएनटी कैंप में 53 मरीजों को हुआ निःशुल्क इलाज



कैंप नाम से फोटो संजीव मे

**रांची।** राजधानी रांची के इटकी रोड हेहल स्थित स्वास्तिक ईएनटी सेंटर एंड हॉस्पिटल में बुधवार को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया.। इसमें 53 मरीजों के नाक, कान, गले की बीमारी का निःशुल्क इलाज किया गया. शिविर दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। इस शिविर में गोल्ड मेडलिस्ट और ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉक्टर अभिषेक श्रीवास्तव ने मरीजों की नाक कान गले की बीमारी की जांच कर परामर्श दिया। मुफ्त चिकित्सा शिविर में इलाज कराकर मरीजों ने खुशी का इजहार किया। डॉक्टर अभिषेक श्रीवास्तव को चिकित्सा क्षेत्र में 18 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में रांची के अलावा खूंटी, ओरमांझी, मांडर, खलारी, बुंडू, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, गिरिडीह, धनबाद सहित अन्य शहरों के मरीज शामिल हुए।

## केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज 18वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे

**लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी विविध प्रकार के उत्पादों और सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन करेंगे**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार आज रांची में 18वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे। 8 सितंबर तक चलने वाला यह अनूठा 11 दिवसीय कार्यक्रम पूरे भारत के दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों की असाधारण प्रतिभा और उद्यमशीलता को प्रदर्शित करेगा। दिव्य कला मेला भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 18वां दिव्य कला मेला एक शानदार प्रदर्शनी होगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और कई अन्य राज्यों सहित देश के सभी कोनों से दिव्यांग कारीगरों द्वारा तैयार किए गए विविध उत्पादों को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। मेले में आने वालों को विभिन्न प्रकार के रंगों और रचनात्मकता को देखने का आनंद मिलेगा, जिसमें उत्तम हस्तशिल्प, हथकरघा और कढ़ाई के काम से लेकर स्वादिष्ट व्यंजन और पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं तक सभी प्रकार के उत्पाद शामिल होंगे।

# अभाविप के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**अभाविप की सदस्यता लेकर राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहयोग करें : सतीश केसरी**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में किया गया। जिला संयोजक पवन नाग, महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार एवं इकाई अध्यक्ष सतीश केसरी ने युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद एवं विद्या की अधिष्ठात्री माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं नारियल फोड़कर विद्यार्थियों की सदस्यता आरंभ की। अभियान के क्रम में महानगर मंत्री ऋतुराज शाहदेव ने कहा कि यह विश्व का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो विभिन्न कॉलेज और स्कूल के परिसर में शैक्षणिक समस्याओं को उठाकर उसे समाधान तक ले जाने का काम करता है।

विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतीश केसरी ने कहा कि अभाविप की सदस्यता लेकर राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहयोग करें। जिला संयोजक पवन नाग संयोजक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के माध्यम से व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र का पुनर्निर्माण को करने के लिए प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं को जोड़ने का काम करता है। राष्ट्रवाद की विचारधारा को लेकर विद्यार्थियों के बीच शिक्षा, चरित्र व संस्कार के भाव को विकसित कर रही है। इसलिए, आज इस संगठन से बड़ी संख्या में विद्यार्थी जुड़ रहे हैं। ज्ञानशील और एकता इसका मूलमंत्र है। यह अभियान 10 सितंबर तक संचालित किया जाएगा। मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के डीएसपीएमयू इकाई के उपाध्यक्ष सोनू कुमार, कला प्रमुख ऋतिक कुमार, हर्ष केसरी, अमनदीप महतो, गौतम केसरी, शुभम केसरी, सुनील साहू, कुणाल केसरी, चंदन केसरी, नीतीश सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विलंब सत्र के मुद्दे पर जेएनआरसी में प्रदर्शन



**रांची।** जीएनएम के छात्राओं का परीक्षा फल प्रकाशित करने एवं तुरंत रजिस्ट्रेशन नंबर देने की मांग को लेकर रविवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व मे जेएनआरसी कार्यालय में किया गया। विदित हो कि पहले ही सत्र एक वर्ष विलंब चल रहा है । 2023 में सत्र खत्म हो जाना चाहिए जबकि 2024 के अगस्त माह तक भी रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया गया है। जिस कारण सत्र 2020 23 के पूरे झारखंड के हजारों नर्सिंग छात्राओं का भविष्य अधरबमे अटक गया है। इस मौके पर जेएनआरसी की रजिस्ट्रार कल्पना कुमारी ने एक हफ्ते के अंदर रिजल्ट प्रकाशित करने की बात कहीं एवं बताया कि रिजल्ट के प्रकाशित होते ही रजिस्ट्रेशन नंबर देने की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ कर दी जाएगी । रजिस्ट्रार के सकारात्मक आश्वाशन के बाद छात्र वापस लौट गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस के राहुल सिंह, नितेश यादव , नेहा कुमारी , संजना सिंह आदि मौजूद रहे ।

## स्पीड न्यूज

### कुएं से वृद्धा का शव हुआ बरामद

नामकुम। बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के सामलोंग नया टोली स्थित कुएं से एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान झाझो देवी 69 वर्स के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि झाझो देवी 26 अगस्त से लापता थी। जिसे लेकर उनके बेटे रवींद्र महतो ने नामकुम थाने में गुमसुदगी की रिर्पोट दर्ज कराई थी। वहीं बुधवार को सोमलोंग निवासी रामदयाल महतो के घर के समीप झाझो देवी का शव कुंए से मिला। जिसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने नामकुम पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुंए से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवा दिया।

### गाड़ाडीह गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात



सोनाहातू। प्रखंड के गाडाडीह गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने रात को 5 एकड़ खेत में लगे धन पौधा को रौंद दिया है। गांव के किसान बुद्धेश्वर महतो, चेतन महतो, दीपक कुमार महतो, मुकेश कुमार महतो, मृत्युंजय महतो, बांकाराम महतो, भोजूराम महतो, रहीम चंद्र महतो,के खेत में लगे धान को रौंद देने से पूरा पौधा ही नष्ट हो गया है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर मुआवजा की मांग किया है। इधर हाथी मित्र तापस कर्मकार ने किसानों को मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दिया।

### वनरक्षियों का धरना व हड़ताल, हाथियों का झूंड पहुंचा गांव



बेड़ो। अपने हक अधिकार की मांग को लेकर झारखंड राज्य अवर वन सेवा समिति के बैनर तले पिछले 12 दिनों से वनरक्षियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम रांची स्थित वन विभाग कार्यालय के परिसर में जारी है। वे गत 16 अगस्त से हड़ताल,धरना प्रदर्शन में डटे हैं। अभी तक इनके साथ कोई वातार्लाप नहीं हो पाया है। वनरक्षियों के हड़ताल व धरना प्रदर्शन का सीधा असर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पड़ रहा हैं। किसान परेशान हैं। इधर प्रभावित गांवों के ग्रामीणों ने सरकार और उच्च अधिकारियों से हड़ताल पर डटे वनरक्षियों के साथ वातार्लाप करने के उपरांत इन्हे पुनः कार्य क्षेत्र में भेजने की गुहार लगाई है। जिससे जंगली हाथियों के आतंक से प्रभावित ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### एक पौधा सैकड़ों पुत्र के बराबर : रवीन्द्र

बेरमो/फुसरो। सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ सम्बन्द्ध भारतीय मजदूर संघ ढोरी द्वारा चलकरी पंचायत सचिवालय में बड़े धूमधाम से राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप व संचालन क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह ने किया। यहाँ सर्वप्रथम माँ भारती, भगवान विश्वकर्मा व दतोपंत ढेंगरी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया।

# सरकार पूरी तरह से आदिवासी विरोधी : अमर बाउरी

- अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में मुखिया संघ का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को राज्यपाल से मिला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** मांडर विधानसभा के सरवा पंचायत की मुखिया प्रभा किस्फोट्टा को निलंबित कर पदच्युत करने को लेकर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में मुखिया संघ का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को राज्यपाल से मिला। उनसे सरवा पंचायत की मुखिया के निलंबन को लेकर न्यायोचित करवाई करने की मांग भी की। मुलाकात के बाद अमर कुमार बाउरी ने कहा कि सरकार पूरी तरह से आदिवासी विरोधी सरकार है। मुखिया के पद पर एक आदिवासी महिला है लेकिन यह दमनकारी सरकार सत्ता के नशे में चूर किसी भी असंवैधानिक कार्य करने से नहीं चूक रही। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि राज्यपाल ने इस मामले को गंभीरता पूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार और जिला अधिकारी से मामले की जानकारी लेंगे। वहीं मुखिया प्रभा किस्फोट्टा ने बताया बताया कि उन्हें साजिश के तहत बिना किसी कारण के झूठे आरोप लगाकर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं उनके पिता पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने सरकार में दबाव बनाकर निलंबित करवा दिया जबकि उनके पंचायत में कई वर्षों से किसी प्रकार का कोई भी विकास कार्य नहीं किया जा रहा। प्रभा किस्फोट्टा ने बताया कि ग्राम पंचायत सरवा के अन्तर्गत ग्राम पचपदा में सरना स्थल का कल्याण विभाग से सौंदर्याकरण का कार्य स्वीकृत हुआ था। इसका शिलान्यास का कार्यक्रम 04.09.2023 को निर्धारित था जिसमें मुख्य अतिथि सासंद सुदर्शन भगत को बुलाया गया था। उनके द्वारा विधिवत रूप से शिलान्यास का कार्यक्रम किया गया। इस बात से खफा हो कर स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और उनके पिता बंधु तिर्की ने उन्हें गंदी गालियां दीं और पद से हटाने की धमकी दी थी। प्रतिनिधिमंडल में अमर कुमार बाउरी, सन्नी टोप्पो, बीरेंद्र उरांव, प्रभा किस्फोट्टा, संतोष किस्फोट्टा और गोपाल उरांव मुख्य रूप से शामिल थे।

# बेड़ो में हाथियों का उत्पात जारी, कराह रहे किसान

- 5 किसानों का तैयार फसल बर्बाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के करकरी पंचायत के गांवों में 17 हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। इससे ग्रामीण व किसान परेशान हैं। पिछले तीन दिनों से जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। प्रत्येक दिन शाम होते ही हाथी गांव में प्रवेश कर जाते हैं। और खेतों में फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे है। किसानों की तैयार फसल के बर्बाद हो जाने से किसान हताश और परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के जान माल का भी खतरा बना हुआ है। वन विभाग की ओर से सुरक्षा व हाथी को भगाने की मांग बेकार साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वही गांव के लोग हमेशा हाथियों के डर से दहशत में रहे हैं। इनकी सुरक्षा का भरोसा देने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। गांव के लोग रात्रि में खुद ही रात जग कर अपनी सुरक्षा करते है। जहां मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे 17 हाथियों के झुंड ने प्रखंड के टंगरा टोली गांव के देवनारायण भगत के डेढ़ एकड़ में लगे मक्के की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। यूसुफ अंसारी, रफीक अंसारी व अमीन अंसारी के धान की फसल लगे खेतों में घुस कर खाया और रौंद कर फसलों को बर्बाद कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने हाथी को भगाने का प्रयास किया लेकिन हाथी का पेट जब तक भरा नहीं वह खेतों में फसलों को खाता रहा। रात साढ़े आठ बजे से सुबह तक हाथियों का झुंड खेत में मक्का, बैगन व धान के फसल को खाकर रौंदता रहा। फिर सुबह में खेतों से निकलकर बेयासी जंगल की ओर चला गया। वही बुधवार की सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचे तो अपनी खेतों की हालत देख हताश व निराश हो गए। पांचों किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

# युवा ग्रीन गार्डेन रामपुर और एफसी सरनाटोली ने जीता उदघाटन मैच



**नामकुम।** बुधवार को बैंक ऑफ इंडिया, उलातू शाखा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का उदघाटन राजाउलातु मैदान में किया गया। टुनार्मेंट का उदघाटन बैंक के जोनल मैनेजर संजीव कुमार सिंह ने खिलाडियों से हाथ मिला कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि टूनार्मेंट आयोजन का उद्देश्य एकता की भावना को बढ़ावा देना, शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और फुटबॉल के प्रति प्रेम एंव ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रास्ता दिखाना है। वहीं संरक्षक मनीश कुमार ने बताया कि उदघाटन मैच फुटबॉल क्लब बरगांवा और युवा ग्रीन गार्डेन रामपुर के बीच खोला गया जिसे ग्रीन गार्डेन रामपुर ने दो गोंल से जीता वहीं दुसरा मैच फुटबॉल क्लब सरनाटोली और डकर फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसे फुटबॉल क्लब सरनाटोली ने दो गोल से जीता। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव सुनील लाकड़ा, जीप सदस्य रीता होरो, पंसस कल्याण लिंडा, नरेस कुमार, सूरत राय आदि मौजूद थे।

# एनके एरिया में दो दिवसीय अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड एनके क्षेत्र डकरा भी आई पी क्लब सभागर में दो दिवसीय अन्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि रूप में एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शरूआत मुख्यातिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। उसके बाद एसओपी ज्योति कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार सिंह ने किया। क्षेत्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीसीएल के सभी एरिया से आये कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। धुरंदर कलाकारों ने बारी बारी से भजन, गजल आदि की प्रस्तुति दी।



**मौके पर उपस्थित लोग**

मौके पर सीसीएल खेल अधिकारी आदिल हुसैन, एसओ सेफ्टी राजेंद्र प्रसाद, चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, लोकनाथ राणा, प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, बिगन सिंह भोगता, कृष्णा चौहान, जगरनाथ महतो, रामलखन गंझू, हरेंद्र सिंह, देवपाल मुंडा, अमर भूषण सिंह, उमाकांत सिंह, धीरज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### विश्व हिंदू परिषद स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर षष्टिपूर्ति समारोह का आयोजन

**चान्हो।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर प्रखंड कार्यालय में षष्टिपूर्ति समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि 1964 में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही हिंदू समाज के संगठन हिंदू धर्म एवं मानबिंदुओं की रक्षा एवं संवर्धन के लिए साधु संतों की उपस्थिति में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी। स्थापना के बाद विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता, गोरक्षा, मठ मंदिरों की सुरक्षा, कई प्रकार के सेवा कार्य तथा सामाजिक संस्कार के कार्य लगातार किये जा रहे हैं। समाज के साथ मिलकर श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अग्रणी बनकर विश्व हिंदू परिषद ने मुख्य भूमिका निभाई। इस आंदोलन के फलस्वरूप आज नवनिर्मित राम मंदिर में श्री रामलला विराजमान हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज में हो रहे लव जिहाद, धर्मांतरण, अवैध घुसपैठ आदि पर वक्ताओं ने चिंता व्यक्त की तथा हिंदू समाज से इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व हिंदू परिषद से जुड़कर कार्य करने का आह्वान किया। अरविन्द राम को प्रखंड मिलन केंद प्रमुख बनाया गया। कार्यक्रम मे प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंह, जिला मंत्री रोबिन महतो जिला सहमंत्री लोकनाथ सहदेव, जिला गौरक्षा प्रमुख अजीत सिंह, जिला सुरक्षा प्रमुख प्रवीण सिंह राणा सहित महिलाएं भी भारी संख्या में मौजूद थीं।

### मांडर थाना क्षेत्र में छिनतई मामले का पुलिस ने किया खुलासा



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टांगरबसली शाखा के पास छिनतई मामले को पुलिस ने खुलासा कर लिया है। वहीं इस मामले में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से तीन मोटर साईकिल, 12,800 रुपये नगद, बैंक पासबुक, हेलमेट और अन्य सामग्री बरामद की है। बता दें कि 20 अगस्त 2024 को स्टेट बैंक आफ इंडिया टांगरबसली के बाहर छिनतई की घटना हुई थी। मामला दर्ज किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देश और पुलिस उपाधीक्षक खलारी के मार्गदर्शन में माण्डर थाना की टीम ने लगातार प्रयास किया। 27 अगस्त को सूचना मिली कि टांगरबसली बैंक के आसपास संदिग्ध व्यक्ति तीन मोटर साईकिलों पर घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधियों में अउला आलोक राव, करण प्रधान, काली कबाड़ी, अउला धर्म राव और अउला तारो शामिल है।

### सुशासन दल के अध्यक्ष को निमंत्रण देने पहुचे जनमत के प्रधान प्रवक्ता



**बेरमो।** सूशासन दल के अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय व महामंत्री रंजीत कुमार पाण्डेय से मिले जनमत के प्रधान प्रवक्ता इमाम सफी व जेपीपी के केन्द्रीय सचिव अशोक अग्रवाल 'आजाद' और एक सितंबर को होने वाली बैठक के लिए आमंत्रित किया। बैठक में झारखंड में नियोजन नीति, नौकरी, रोजगार, स्वरोजगार के लिए उद्योग व लघु उद्योग को आकर्षित करने, भ्रष्टाचार नियंत्रण पर जनजागरण के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही साथ राजनीतिक विकल्प को मजबूत करने को लेकर गंभीरतापूर्वक चर्चा हुई। सूशासन दल के अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने आगामी बैठक में उपस्थित होने की आश्वासन दिया। बताते चलें की झारखंड में चल रहे लूट और झूठ की राजनीति को खत्म करने के लिए पुर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में समान विचारधारा वाले दस राजनीतिक दल का झारखंड नवनिर्माण महागठबंधन तीसरा विकल्प 'जनमत' का निर्माण किया गया है। जनमत के आगामी विधानसभा चुनाव के 81 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ेंगी। घटक दलों की सीट शेयरिंग व अन्य मुद्दों को लेकर पदाधिकारियों की अगली बैठक एक सितंबर को रांची में निर्धारित है।

### शाने अहले बाईत कॉन्फ्रेंस का किया आयोजन



**बेरमो/खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत खेतको में अहले सुन्नत राजा नूरी कमेटी की ओर से मंगलवार बाद नमाज ए ईसा यानी देर शाम अहले बाईत कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन की शुरुवात कलामे पाक पढ़कर की गई। यह आयोजन 29 जुलाई 2023 में मोहर्म में ताजिया ले जाने के कर्म में हाई टेंशन तार से सटा ताजिया चार लोगों की मौत हो गई थी जिसमे मो साजिद, मो गुलाम, मो आसिफ रजा वा इनामुल रब शामिल थे। इसी के ईशा एलेहे सवाब को लेकर यह आयोजन किया गया। जिसमे उड़ीसा से मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन ने श्रोता से कहा की अहले बेत से मोहब्बत कीजिए ओर उनके कहे बातो पर चलने से कामयाबी के दहलीज में होंगे। उन्हों ने कहा की बच्चों को तालीम के बुनियाद पर समाज में बदलाव की जरूरत है, तालीम के बिना पर मां बाप को भूल चुका है, मां-बाप को चाहिए कि अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छी संस्कार भी दे। यूपी से साईरे इस्लाम मोहम्मद अली फजी, धनबाद के मौलाना शब्बीर हसन मनवरी, कोलकाता से सहंसाहे तरनूम सायर साजिद इकबाल वा बोकारो से अलहाज आसिफ इकबाल, आरीफ रजा फैजी एक से बढ़कर एक सायर पेस किए। श्रोताओं ने जमकर सरहा। सुनने वालों ने सुभान अल्लाह की आवाज पर शायरों को हौसला हौसला दुगना हो रहा था सुनने वाला रात भर समारोह स्थल पर डटे रहे इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।

# राज्य से मजदूरों का पलायन बड़ी समस्या : जीवन

- बैंकों से मिले वित्तीय सहायता
- महंगाई से माध्यम वर्गीय परेशान

**रातू।** प्रखंड के काठीटांड़ में बुधवार को रामा इडस्ट्रीज की बैठक हुयी। इसमें लघु और कुटीर उद्योग में काम करने वाले कामगारों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। बदलते परिवेश में एमएसएमई प्रमोशन कॉउंसिल ऑफ इंडिया के जरिये मजदूरों को बैंक व वित्तीय संस्थाओं से दीर्घकालिक ऋण की सुविधा कैसे मिले, इस पर खास जोर दिया गया। चेयरमैन जितेंद्र कुमार जीवन ने पत्रकारों को बताया कि राज्य में पलायन न केवल बड़ी समस्या, बल्कि सरकार के लिये चुनौती भी है। इसे लेकर सरकार को छोटे उद्योग चलाने वालों को मदद करना समय की मांग है। महंगाई पर चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि इससे माध्यम वर्गीय लोग परेशान हैं। श्री जीवन ने इसके अनुपात में आय के स्रोत बढ़ाने की बात कही।

**बैठक में लिया हिस्सा**

मनोज कुमार सिंह, आदित्य झा, विपिन कुमार, गणेश कुमार गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, आदिल्य उज्जैन, मनोज साहू, मिथलेश ठाकुर, विकास कुमार, प्रदीप प्रजापति, संतोष सिन्हा, गीता नायक, रतन कुमार, नीतीश कुमार, बबलू कुमार, प्रभु कुमार, सुभाष कुमार, आशीष कुमार, अंकित कुमार, अनुज कुमार, अरुण साहू, राजू नायक, रोहन कुमार व सुबोध साहू आदि।

# विश्व हिंदू परिषद का षष्टीपूर्ति स्थापना दिवस राम तिवारी की अध्यक्षता में मनाया गया



**इटकी।** विश्व हिंदू परिषद का षष्टी पूर्ति स्थापना दिवस बुधवार को स्थानीय जगन्नाथ मंदिर परिसर में कृष्णा राम तिवारी की अध्यक्षता में मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद के 60 वर्ष पूरे होने पर एक दूसरे को मिठाईयां खिला कर खुशयियां मनाई गई। मौके पर सामाजिक उत्थान, धरोहर और संस्कृति बचाए रखना एवं मातृ शक्ति को दुरुस्त कर समाज में एकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में रांची ग्रामीण अध्यक्ष रामेश्वर दयाल सिंह, बीजेपी के प्रदेश सदस्य प्रदीप महली बतौर अतिथि शामिल हुए। मौके पर राजकुमार तिर्की, राजकरण महतो, अंकित सोनी, रमेश महतो, प्रकाश महतो, रूपा केशरी तेज प्रताप, बीरेन्द्र भगत, अर्पण कुमार, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे पोकलेन पर पीएलएफआई ने चिपकाये पोस्टर



**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया फोर लेन सड़क निर्माण कार्य में लगे पोकलेन पर 26 अगस्त की रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने लेवी लेने के उद्देश्य से पीएलएफआई के नाम पर धमकी भरा पोस्टर चिपकाए। और पोस्टर चिपका कर वे लोग फरार हो गए। बताया गया कि शरारती तत्वों ने उक्त पोस्टर गोन्दली पोखर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निकट खड़ी पोकलेन वाहन पर चिपकाए थे। जिसे पुलिस को बताए बिना कंस्ट्रक्शन कम्पनी के लोगों ने पोस्टरों को हटा दिए बताया गया कि असमाजिक तत्वों ने पोकलेन वाहन पर पेट्रोल भी छिड़के थे लेकिन वे लोग वाहन को आग के हवाले नहीं किए। वल्कि पोकलेन पर सिर्फ धमकी भरा कई पोस्टर चिपका कर चले गए। धमकी भरा पोस्टर में लाल स्याही से लाल सलाम के साथ लिखा गया है कि पीएएफआई संगठन सभी कम्पनी और ठेकेदारों को सूचित करता है कि संगठन से बिना बात किए कोई भी काम आगे न करें वरना अंजाम भूगतने के साथ साथ फौजी करवाई किया जाएगा। नीचे पीएलएफ आई सेन्ट्रल कमेटी एस के यादव लिखा हुआ है। इस संबंध में रोड कंस्ट्रक्शन कम्पनी की ओर से अनगड़ा थाना को बुधवार को सूचना दी गई। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ शरारती तत्वों के द्वारा रोड कंस्ट्रक्शन कम्पनी को धमकाने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है।

## इस्लामिया चेहल्लुम कमेटी हाटु में कार्यक्रम आयोजित

# मातम का पर्व चेहल्लुम आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक : सदर हुसैन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** मातम का पर्व चेहल्लुम आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के हाटु गांव में आयोजित इस्लामिया कमेटी चेहल्लुम के तत्वाधान में आयोजित जुलूस सह अस्त्र-शास्त्र प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए सदर सईम हुसैन ने कहीं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सईम हुसैन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन व उनके साथ कर्बला में शहीद होने वाले 72 शहीदों की शहादत की याद में चेहल्लुम अकीदत व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान जुलूस सह अस्त्र-शास्त्र प्रतियोगिता में भाग लिए टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सइम हुसैन, नईम हुसैन अनवर हुसैन, जसशेद हुसैन, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, उप मुखिया, बेरोनिका कच्छप, मंटा खान, फरीद मिरदहा, तबरेज हुसैन, सद्दाम हुसैन, आशिक हुसैन, सम्मु अली, खुदिया पहान, पुजार रंथू मुंडा, गुमिया मुंडा समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

- तीन घंटे जाम रहा रांची टाटारोड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नामकुम।** बुधवार सुबह लगभग साढे सात बजे थाना क्षेत्र के रायसा मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक साइकिल सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान हुआंगहातू के रहनेवाले हा मुंडा 45 वर्स के रुप में की गयी। मौके पर पहुंची नामकुम पुलिस ने बाहा के शव को उठवाकर पोस्टमार्टम हेतू रिम्स भिजवा दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने रांची टाटा रोड को जाम कर दिया, जाम से दोनो ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। लगभग तीन घंटे तक लगे जाम में फंसने से कितने लोगों का प्लेन छुट गया कई एंबुलेंस भी जाम में फंस गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही नामकुम थानेदार ब्रहमदेव सदलबल मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया पर आक्रोशित जामकर्ता नही माने। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो एवं कांग्रेस नेता माधो कच्छप भी घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। जनप्रतिनिधियों और अंचल निरिक्षक की ओर से लगभग दस हजार रुपए मृतक के परिजनों को दिए गए और दोनों बेटियों को पढ़ाने और सरकारी आवास दिलाने का भरोसा दिया गया। तब जाकर जाम हटाया गया।

# खलारी रोड किनारे खड़े बोलेरो में बाइक सवार युवक ने मारी टक्कर, युवक घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के केडी नेहरू स्टेडियम के पास रोड किनारे खड़े बोलेरो में बाइक सवार युवक ने मारी टक्कर, युवक घायल, ग्रामीणों ने डकरा अस्पताल पहुँचाया। घटना शाम लगभग छः बजे का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक खलारी हजारीबाग मुख्यपथ से केडी चौक के तरफ से तेज गति से आ रहा था। इसी दौरान नेहरू स्टेडियम के पास रोड किनारे खड़े बोलेरो जेएच 02 बीजी 1713 में जाकर ठोक दिया। बाइक की गति तेज होने के कारण बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही बाइक चालक चदरा धौड़ा निवासी राहुल कुमार पिता राजकुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से डकरा केंद्रीय अस्पताल पहुँचाया गया।

# पटना के पुनपुन में दीवार गिरने से 25 लोग दबे, कई की हालत गंभीर

एजेंसी



**पटना।** राजधानी पटना के पुनपुन के श्रीपालपुर में बुधवार दोपहर पूजा-पाठ के दौरान दीवार ढहने से 25 लोग मलबे में दब गए।

घायलों में अधिकांश महिलाएं है। इनको गंभीर रूप में चोटे आई हैं। कई की हालत गंभीर है, जिन्हें पीएमसीएच रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि प्रत्येक बुधवार और रविवार को श्रीपालपुर गांव में पूजा-पाठ और प्रवचन का आयोजन किया जाता है। आज श्रीपालपुर गांव के रामदयाल प्रसाद के मकान में प्रवचन चल रहा था। इसी दौरान एक पुरानी और जर्जर दीवार गिर गई, जिसमें 25 लोग दब गये। घटना की सूचना नजदीकी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ की हालत गंभीर बतायी जा रही है, जिन्हें पीएमसीएच भेजा जा रहा है। पुनपुन की प्रशिक्षु डीएसपी पल्लवी कुमारी ने बताया कि पुनपुन के श्रीपालपुर में पूजा-पाठ के दौरान दीवार गिर जाने से कई लोग जख्मी हुए है।

कितने लोग जख्मी हुए हैं काउंट करना मुश्किल है। अभी फिलहाल सभी लोगों का इलाज किया जा रहा है।

## पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह का जनसंपर्क यात्रा जारी



जनसंपर्क करते गिरिनाथ सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में परिवर्तन सह जनसंपर्क यात्रा अनवरत जारी है। इस कार्यक्रम के दौरान गढ़वा जिले के रंका के बौलिया, उटमा, रंका, बरदागा, असेया, गोढ़या में जनसंपर्क किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मंत्री पानी के है लेकिन बने हुए रोड को ही बनाते चल रहे हैं। आप लोगों को समझना चाहिए जहां ज्यादा कमीशन मिल रहा है उसी काम को किया जा रहा है। जनता की बात कोई सुनने वाला नहीं है, सिर्फ अपना स्वार्थ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आपको भड़का नहीं रहे अपने अधिकार के लिए जागरूक होना पड़ता है। गढ़वा के बीडीओ ने इतनी धांधली कर रखी है कि बिना पैसा लिए किसी भी योजना में सिग्नेचर नहीं किया जा रहा।

## बेगूसराय में एनआइए की छापेमारी

### नक्सली कनेक्शन में बिहारी पासवान समेत पांच को उठाया

एजेंसी




**पटना।** बिहार के बेगूसराय में बुधवार को एनआईए ने नक्सली कनेक्शन में छापेमारी की। तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र के तेयाय ओपी के पाली गांव से राकेश पासवान उर्फ बिहारी पासवान को गिरफ्तार किया। वह नक्सली कमांडर बताया ता है। एनआईए की टीम ने नक्सली होने और नक्सली संगठनों से सांठ-गांठ होने के आरोप में बिहारी पासवान, उसके दो पुत्र, एक पुत्री और पत्नी समेत कुल पांच लोगों को हिरासत में लिया है। सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। पिछले दिनों बेगूसराय में नक्सली संगठन की गतिविधियों में तेजी आ रही थी। इस नक्सलियों का ग्रुप बेगूसराय के बाहर के नक्सलियों से जुड़ा है।

**दक्षिण के नक्सलियों से कनेक्शन :** बुधवार की सुबह पाली स्थित तीन मंजिले मकान को पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया। परिवार के लोगों को कोई मौका नहीं दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस टीम के साथ एनआईए की टीम शामिल थी। जानकारी के अनुसार बिहारी पासवान नक्सलियों का एरिया कमांडर होने के साथ साथ उसका कनेक्शन दक्षिण भारत के नक्सलियों से है. जिसको लेकर यह कार्रवाई की गयी।

**क्या बोले पिता :** छापेमारी के संबंध में बिहारी पासवान के पिता कपिलेश्वर पासवान ने बताया यह सिलसिला कई घंटे तक चला। उन्हें नहीं पता की टीम किस कारण से यहां आयी थी। वहीं बिहारी पासवान की मां ने बताया की अचानक से पहुंची टीम के द्वारा घर के किसी सदस्य को घर के अंदर नहीं जाने दिया गया। घर में रखे पचास हजार रुपये के संबंध मे पूछा कि यह पचास हजार रुपया कहा से आया। उस पैसे को जमीन खरीदने के लिय पैसा जमा करने की बात कही।

## राशन डीलर पर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



एमओ को आवेदन देने पहुंचे बसपा नेता व लाभुक

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बुका गांव डीलर उमेश यादव द्वारा जविप्र राशन कार्डधारी लाभुको के बीच पिछले चार माह से राशन वितरण में घोर अनियमितता बरती जाने संबंधी शिकायत पर बुधवार को बसपा नेता नीरज चौबे सैकड़ों लाभुको के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर सीओ सह प्रभारी एमओ आफताब आलम को लिखित आवेदन देकर लाभुको को राशन दिलाते हुए उक्त डीलर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। लाभुको ने डीलर के उपर आरोप लगाते हुए कहा कि डीलर उमेश यादव द्वारा हम सभी को पिछले चार माह से राशन नही दिया जा रहा है। जब लाभुक राशन की मांग करते है, तो वह अभद्र व्यवहार और गाली गलौज करते हुए कहता है, कि तुम लोगो को जहां जाना है, जाओ मुझे कोई फर्क नही पड़ने वाला है। कहा कि पिछले जुलाई माह में 10 से 15 किलो राशन कम देने की बात कह रहे है।

डीलर द्वारा ससमय राशन नही दिए जाने से ज्यादातर लाभुक भुखमरी के कगार पर पहुंच चुके है। जबकि बसपा नेता नीरज चौबे ने प्रभारी एमओ से उक्त डीलर के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए लाभुको के बीच अविलंब राशन वितरण कराने की बात कही अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी। जिस पर प्रभारी एमओ ने मामले की जांचोपरांत दो दिनों के अंदर लाभुको के बीच राशन वितरण करने का आश्वासन दिया। मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद राम, राकेश रवि, ऐनुल खां, महफूज आलम, लाभुक भोला राम, अनिल राम, रामचंद्र राउत, रामाश्रय साह, अलखी देवी, सोनिया देवी, रामपति देवी, मालती देवी सहित काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

## दहेज के लिए की गला दबाकर हत्या

**कांडी।** स्थानीय थाना क्षेत्र की एक बिटिया को दहेज लोभियों ने 26 अगस्त को गला दबाकर मार डाला। साक्ष्य छुपाने के लिए उसे साड़ी के फंदे से लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। कांडी थाना क्षेत्र के खरौंधा पंचायत अंतर्गत मोखापी गांव निवासी संतन यादव की पुत्री पूनम कुमारी उम्र 21 वर्ष की शादी मात्र एक महीना 18 दिन पहले 10 जुलाई को पलामू जिला के हैदर नगर थाना अंतर्गत सिमरसोत गांव निवासी प्रमोद कुमार यादव के बेटे विपिन कुमार यादव के साथ हिंदू रीति रिवाज से यथाशक्ति दहेज एवं उपहार देकर की गई थी। लेकिन शादी के बाद से ही दामाद विपिन यादव अपनी पत्नी पूनम को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वह कहता था कि तुम्हारे बाप ने दिया ही किया है। एक गाड़ी भी दिया है तो वह भी तुम्हारे नाम से है।

## समाजसेवी शौकत खान को राज्यपाल ने किया आइकॉन ऑफ झारखंड से सम्मानित

**गढ़वा।** रांची के होटल रेडिसन ब्लू में दैनिक जागरण के द्वारा आइकॉन ऑफ झारखंड सम्मान समारोह में झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व भारत सरकार के राज्य रक्षामंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान को राज्य एवं देशहित में अनेक सराहनीय समाजिक कार्यों में सराहनीय योगदान के लिए आइकॉन ऑफ झारखंड 2024 सम्मान से सम्मानित किया। शौकत खान ने इस समारोह में भारत सरकार के राज्य रक्षामंत्री संजय सेठ को अपने सेवा कार्यों का मैगजीन गरीबों का अनोखा बैंक भेट किया।

## नदी में डूबे एक युवक की 18 घंटे बाद मिली लाश

**किशनगंज।** जिले के पोठिया थानाक्षेत्र में एक बच्चे की नदी में डूबने से मौत हो गई है। करीब 18 घंटे के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बच्चे के शव को नदी से खोजकर बाहर निकाला है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पोठिया प्रखंड क्षेत्र के रायपुर में मंगलवार की शाम महानंदा नदी में 4-5 बच्चे एक साथ नहाने गए थे। गहरे पानी में जाने से एक बच्चा डूब गया, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन और अंचल अधिकारी ने एसडीआरएफ की टीम को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने बच्चे की तलाश शुरू की।

## आरकेवीएस बीएड महाविद्यालय में पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



पौधा लगाते लोग

**गढ़वा।** शहर के आरकेवीएस (बीएड) महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया। एलएनटी के द्वारा महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के तहत 650 पौधा उपलब्ध कराया गया। इस दौरान सगवान, आम, अमरुद, आंवला आदि के पौधे लगाये और पर्यावरण को शुद्ध करने का संकल्प लिया। इस दौरान कंपनी के द्वारा बताया गया कि पौधा की कमी के कारण समय पर मानसून नहीं आ रहा है। सार्वजनिक जगहों पर इस तरह के पौधे लगाए जाएंगे जिससे वातावरण का तापमान कम से कम पांच प्रतिशत कम रहेगा और लोगों को गर्मी से निजात मिलेगी। मौके पर प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय ने कहा कि आधुनिकता के दौर में लोग वृक्षों की महत्ता को भूलते जा रहे हैं, ऐसे में आने वाले दशक में लोगों को स्वच्छ हवा के लिए तरसना पड़ सकता है। जिस तरह से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है पूरे विश्व के लिए बेहद खतरनाक है, अगर समय रहते हमलोग सचेत नहीं हुए तो ग्लोबल वार्मिंग की तबाही का शिकार होना तय है।

## हाई मास्ट लाइट से गांव-गांव होगा जगमग : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

मंत्री ने किया 14 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन



हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन करते मंत्री

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने 14 हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विधायक विधायक मद से अधिष्ठापित हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड के बसरिया गांव स्थित स्कूल के समीप आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर एवं स्वीच दबाकर किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि हाई मास्ट लाइट पहले सिर्फ शहरों में ही देखने को मिलता था। परंतु उन्होंने गढ़वा के प्रत्येक गांव में हाई मास्ट लाइट लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब गढ़वा का प्रत्येक गांव हाई मास्ट लाइट की रौशनी से जगमग होगा। आज गढ़वा प्रखंड में दो, मेराल में छह, रंका में एक, रमकंडा में तीन तथा डंडा प्रखंड में लगे दो हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि जनता जो चाहेगी वही होगा। गढ़वा के लोगों ने चाहा कि गढ़वा की तस्वीर बदल जाए, तो अब गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है। पहले के गढ़वा और आज के गढ़वा में कोई तुलना नहीं है। राज्य के सबसे पिछड़े जिले में शुमार गढ़वा आज विकसित जिलों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। यह सब गढ़वा वासियों की ही देन है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में सभी लोग पुनः सेवा का मौका दें। ताकि गढ़वा अग्रणी जिलों में सबसे ऊपर खड़ा हो सके। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, रविंद्र, सुडो, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन के तहत मंत्री नें दिया मृतक के आश्रितों को चेक

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ मुख्यालय में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार नें आपदा प्रबंधन कें तहत लाभुको के बीच बुधवार को मृतक के आश्रितों को चेक वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आपदाग्रस्त परिवारों को चर लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार हमेशा गरीब परिवार एवं आपदा से पीड़ित परिवारों के लिये उन्मुख योजना चला रखी है।जहांआपदा पीड़ित जो है उनका पहला हक है राज्य के खजाने पर है। जो आपदा से पीड़ित लोग हैं उनकी आपदा की राशि मिलने में कोई विलंब ना हो।

## स्पीड न्यूज

### मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रमना।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर प्रखंड के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। इस आशय की सूचना मुखिया संघ की ओर से बीडीओ को आवेदन के माध्यम से दे दी गई है। आवेदन में कहा गया है कि राज्य वित्त आयोग की राशि पंचायतों को देने सहित अन्य मांगों की ओर लगातार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाता रहा है, परंतु कोई सकारात्मक पहल नहीं होता देख संघ ने अनिश्चितकालीन धरना एवं कलमबंद हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान जनता को होने वाली परेशानियों के लिए राज्य सरकार पूरी तरह जिम्मेवार होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत पांडेय, दुलारी देवी, स्वीटी वर्मा, रीता देवी, सोनी देवी सहित सभी ग्यारह मुखिया मौजूद थे।

### मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम दवनकारा में जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में कृषि विभाग के द्वारा आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत निति आयोग के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में किसानों को बताया। उन्होंने कहा कि आप सब किसान 1 रूपए में अपने फसल का बीमा कर सकते हैं। चाहे किसानों को जितना भी जमीन हो उससे कोई मतलब नहीं है आप सब प्रति हेक्टेयर 1 रूपए में बीमा करवा सकते हैं। इसके साथ किसानों को कृषि के बारे में अन्य कई विशेष जानकारी दिया गया। मौके पर नीति आयोग के जिला स्तरीय पदाधिकारी श्रीराम कुमार, उप प्रयोजना निदेशक (आत्मा) योगेंद्र नाथ सिंह, प्रखंड तकनीति प्रबंधक दयानंद पांडेय, मझिआंव किसान उत्पादक संगठन के सीईओ गोपाल कुमार, प्रगतिशील किसान अजय कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

### बुलेट एवं सोना का चैन के लिए महिला की हत्या

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी निवासी महिला प्रियंका देवी का कीटनाशक खाने से मौत के मामले में आरोपी पति आशीष कुमार को मृतका के पिता के आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर भवनाथपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल भेजने से पूर्व हथकड़ी लगा कर हीं पत्नी का दाहसंस्कार कराया। मृत प्रियंका देवी के पिता रमना थाना क्षेत्र के चुंदी निवासी विनोद साव ने भवनाथपुर थाना में आवेदन दे कर बताया है कि अपनी पुत्री का शादी 2023 में भवनाथपुर निवासी बीरेंद्र साह के पुत्र आशीष कुमार से किया था जिस से मेरे बेटी का एक दो माह का बच्ची है। मेरा दामाद आशीष दहेज में बुलेट एवं सोना का चैन बराबर मांगता था और मेरी बेटी प्रियंका को दहेज के लिए बराबर पड़ताड़ित करता था की तुम्हारा बाद दहेज में बुलेट और सोना का चैन देगा तभी तुम्हे रखेंगे। मेरी बेटी को ससुर बीरेंद्र साह सास रेनू देवी, पति आशीष साव देवर आकाश साव ने मारने का साजिश रचाया है। इन्ही चारो ने मेरी बेटी को दहेज के लिए बराबर पड़ताड़ित करता था। मैं गरीब व्यक्ति हूं मेरे पास इतना पैसा नही हुआ की मैं दहेज में बुलेट और सोने का चैन दे सकूं।

### मटका फोड़ प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। जन्माष्टमी के दौरान श्री प्रसाद ने तीन गांवों में मटका फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान उन्होंने मटका फोड़ प्रतियोगिता में शामिल विजेताओं को प्रोत्साहित किया और अपने लक्ष्य के प्रति सचेत रहने की सीख दी। मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप सबने लगन और मेहनत के बल पर मटका फोड़ने का लक्ष्य प्राप्त किया, इससे आनेवाली पीढ़ी को यह सीख मिलेगी कि कोई भी काम मेहनत-लगन से किया जाए तो हमें लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

## खबर एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**किशनगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के रुईधाशा प्रेम पुल के समीप बुधवार को रेलवे फाटक गुमटी नंबर आरएम 3 के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान खगड़ा कर्बला वार्ड नंबर 31 के बिलाल आलम पिता गोरे आलम के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार बिलाल आलम रद्दी, प्लास्टिक चुनने का कार्य करता था। बिलाल खगड़ा की ओर से प्रेम पुल की ओर जा रहा था। इस बीच ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रेल थाने की पुलिस को दिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मृतक व्यक्ति नशे की हालत में था।

### ओवरलोडेड अवैध बालू लदे दो ट्रक जब्त,10 लाख का कटा चालान

**गोपालगंज।** सदर एसडीओ डॉ प्रदीप कुमार के लगातार कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। चाहे बलथरी चेकपोस्ट का मामला हो चाहे शहर के बंजारी हाईवे पर ओवरलोडेड अवैध बालू से लदे ट्रक का हो। सिपाही परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण कर लौट रहे हाईवे 27 बंजारी के पास खड़े अवैध बालू से लदे दो ट्रक को जब्त किया। खनन विभाग और परिवहन विभाग को सूचना देकर उसपर जुमार्ना लगाने की प्रक्रिया करने का आदेश दिया। जब्त की गई यूपी 53 डीटी 0144 और यूपी 57 एटी 2891 को जब्त किया। ज्ञात हो कि 15 दिन पहले एसडीओ ने बंजारी के पास ओवरलोडेड खड़े 7 ट्रक को जब्त किया। एसडीओ डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि निर्देश के आलोक में छापेमारी के दौरान ओवर लोड बालू लदे 2 ट्रक को जब्त किया गया हैं। सूत्रों की माने तो जो काम खनन विभाग और परिवहन विभाग को करना चाहिए। लेकिन उन विभागों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण जिले में प्रतिदिन बालू लदे 100 से 200 ट्रक आते है। महमदपुर से लेकर बंजारी तक हाईवे 27 के किनारे बालू से लदे ट्रक की गाड़ी खड़ी रहती है लेकिन विभाग इस पर हाथ डालना नहीं चाहता है।

### पारा मेडिकल के छात्र का हथियार के साथ वीडियो वायरल

**पूर्वी चंपारण।** जिले में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर पंचायत के दुदही गांव के एक युवक का हथियार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने बुधवार को छापेमारी कर युवक को पकड़ा हैं। पकड़ा गया युवक उसी गांव के शिक्षक असगर अली का पुत्र शाहिद असगर है। असगर अली उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय घीवाढार में पदस्थापित है। जिसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय ने बताया कि शाहिद असगर अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाकर अपने स्टेट्स पर लगाया था। जिसपर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक ने हथियार के संबंध में कई अहम सुराग दिया है। जिसकी जांच की जा रही हैं।उन्होने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर पूछताछ के बाद उसको न्यायिक हिरासत में भेजा जायेगा।छापेमारी दल में थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय, दारोगा रवि रंजन कुमार, पीएसआई संतोषी कुमारी,पीएसआई अमित कुमार रंजन सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### प्रवासी मजदूरों एवं श्रमिक का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बेतिया।** जिला स्तरीय प्रवासी मजदूरों एवं श्रमिक मित्रों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा आर. के.चौधरी ने की तथा संचालन प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार डॉ कमरू जमा एवं अनील 'अनल' ने की। मुख्य अतिथि प्रोफेसर समशुलहक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप सामाजिक नेत्री सुरैया शहाब, भाई पंकज, जेपी सेनानी, भाई नन्दलाल, सुशील शशांक अधिवक्ता, आलमगीर हुसैन, भारत जोड़ों अभियान, संजीव कुमार मिश्र उर्फ मुन्ना मिश्र वगैरह के साथ जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में प्रवासी महिला-पुरुष मजदूर और श्रमिक मित्रों ने शिरकत की। साथ ही जिला तथा प्रखंड स्तरीय श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीगण भी कार्यशाला को संबोधित किये।कार्यशाला के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के समन्वयक रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि वैसे तो मजदूरों की स्थिति सभी स्तरों पर बेहद बेहाल है। परन्तु प्रवासी मजदूरों का तो कोई पुरसा हाल नहीं है। जिला, प्रखंड, पंचायत की बात को छोड़ दीजिए। वार्ड के स्तर पर भी ऐसे प्रवासी मजदूरों का कोई मान्य आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध नहीं हैं। जो बेहद अफसोसजनक बात है। संस्था के सचिव जयप्रकाश जी ने कहा कि उनकी संस्था ₹सवेरा₹ प्रवासी मजदूरों के हक और हकुक को प्राप्त करने के अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास करती रहेगी।

### मोतिहारी में सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान पकड़ा गया मुन्ना भाई

**पूर्वी चंपारण।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) बिहार,पटना द्वारा आयोजित सिपाही के पद पर नियुक्ति के लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान एमजेके बालिका इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र के निरीक्षण दौरान डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को पकड़ा है।जिसने अपना नाम रॉबिन बताया है,जो पटना जिला के पंडारक का रहने है। अखिलेश कुमार के नाम के एक परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा था। पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाने लायी है,जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है,जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जायेगी।

### बेतिया में शराब सहित दो धंधेबाज गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने बाइक पर लाद कर ले जा रहे चुलाई शराब सहित 2 धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार के सुबह थाना के दरोगा थाना इलाका के मंझरिया परसा पथ में सदलबल गश्त पर थे। तभी बाइक पर दो संदिग्ध सवार आ रहे थे दोनों को रोकने को कहा गया लेकिन वे दोनों बाइक सवार भागना चाहे। पुलिस जवानों ने सक्रियता दिखाते हुए दोनों को बाइक सहित पकड़ लिया गया।बाइक पर लदे जब बोरा की जांच की गयी तो प्लास्टिक के तीन पैकेट में कुल साठ लीटर चुलाई शराब मिला। चुलाई शराब के साथ पकड़े गये धंधेबाज पश्चिम चंपारण जिला के बलथर थाना क्षेत्र के गौचरी गांव निवासी आनंद कुमार और भोला कुमार के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है।

### राज्यस्तरीय यूथ जूनियर व सीनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लेगी कई जिले की टीम

**गोपालगंज।** जिला भारोत्तोलन संघ के तत्वाधान में बिहार राज्य भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से यूथ, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग लेंगे। बिहार राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय भारोत्तोलन संघ के सचिव एवं भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव उपस्थित रहेंगे।राज्य स्तरीय भारोत्तोलन यूथ, जूनियर, सीनियर बालक, बालिका चैम्पियनशिप 30 अगस्त से 1 सितंबर से आयोजित किया जा रहा है। उसी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के तमाम जिले में जिला स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता कराने के उपरांत सभी वजन के चयनित खिलाड़ियों की सूची बिहार भारोत्तोलन संघ को मिला है।

